## REFERANCE TO THE NOTICE REGARDING PRIVILEGE MOTION AGAINST A MEMBER

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश):** सभापति महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। मैंने श्री गुरुपदस्वामी जी और वीरेन्द्र वर्मा जी ने इस सदन के एक सदस्य के विरुद्ध विशेषाधिकार का प्रस्ताव दिया था। माननीय उपसभापति जी ने व्यवस्था दी थी कि सभापति जो इस बारे में बताएंगे। महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि इस सम्बंध में क्या व्यवस्था दी गयी। माननीय सदस्य ने यह कहा था कि मेरे पुश्तैनी लोग जो पाकिस्तान से आए उनके पास 5 सौ एकड़ जमीन थी .... **(व्यवधान)**...

[**उपसभापति महोदया** पीठासीन हुईं]

**उपसभापति** : मालवीय जी, मैंने आपको बता दिया था कि आपने जो प्रिविलेज मोशन दिया है वह चेयरमैन साहब के पास गया है। चेयरमैन साहब इंक्वायरी करेंगे। आप जरा कायदा-कानून पढ़ लीजिए।

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : हरियाणा स्टेट के कागज है... **(व्यवधान)**... उनके पास सिर्फ साढ़े सात एकड़ जमीन है पाकिस्तान में।

**कृषि मंत्री ( श्री भजन लाल )** : आपके कहने से है क्या ?

**उपसभापति** : मालवीय जी, आप हाउस पुराने सदस्य हैं। आप रूल्स पढ़ लीजिए। रूल्स के हिसाब से चेयरमैन साहब मालूमात कराएंगे, तभी तो मैं आपको जवाब दूंगी, एकदम से कैसे दे दूंगी ?

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** (उत्तर प्रदेश) : ... **(व्यवधान)**...पार्लियामेंटरी बोर्ड के सदस्य भी हैं। उन्होंने घोषणा की है कि चार-चार, पांच-पांच लाख रुपया जो लोग सदस्यता छोड़कर आए हैं, उन्हें दिया जाएगा और उनका अभिनंदन किया जा रहा है। माननीय उपसभापति जी, मैं भारत सरकार के इलेक्शन कमीशन से जानना चाहूंगा ....

**उपसभापति** : अभी पेपर ले करना है बिजनेस पूरी हो जाने दीजिए। शोर मचाना है तो टाइम से मचाइए। आप बैठ जाइए।

---

## STATEMENTS BY MINISTERS

**I. Correcting the reply given in the Rajya Sabha on the 19th August, 1988 to Unstarred Question No. 2961 regarding Advertisements to regional Newspapers.**

THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI H.K.L. BAHAGAT): Madam, I, lay on the Table a statement (in English and Hindi) correcting the reply given in the Rajya Sabha on the 19th August, 1988, to Unstaried Question No. 2961, regarding Advertisements to regional newspapers. [Placed in Library *See* LT No. 8261/89].

**II. Correcting the replies given in the Rajya Sabha —**

**(i) On the 2nd December, 1988 to Unstarred Question No. 2706 regarding demand and production of Aluminium, and**

**(ii) on the 24th February, 1989 to Unstarred Question 462 regarding production of Aluminium in the country.**

**इस्पात और खान मंत्रालय में इस्पात विभाग में राज्य मंत्री (श्री महबीर प्रसाद)** : महोदया, मैं राज्य सभा में दिए गए उत्तरों के संशोधनार्थ विवरण (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं।

(i) एल्युमिनियम की मांग एवं उत्पादन के संबंध में अतारांकित प्रश्न 2706, दिनांक 2 दिसम्बर, 1988। [Placed, in Library. *See* No. LT—8262/89].